आरजीआईपीटी ने कोरोना योद्धाओं को उपलब्ध कराये मास्क एवं सैनिटाइजर

गौरीगंज, अमेठी। राजीव गाँधी पेट्रोलियम प्रौद्योगिकी संस्थान आरजीआईपीटी जायस, ने कोरोना वायरस के सामुदायिक स्तर पर फैलाव को रोकने के उद्देश्य से इस कार्य में लगे कोरोना योद्धाओं की सहायता के लिए कदम उठाया है। को क्षेत्र के डक्टर, स्वास्थ्यकर्मियों, पुलिसकर्मियों एवं पत्रकारों को कोरोना से बचाव के लिए मास्क एवं हैंड सैनिटाइजर उपलब्ध कराया। साथ ही, आमलोगों के बीच, कोरोना से बचाव के लिए जागरूकता उत्पन्न करने के उद्देश्य से, कोरोना योद्धाओं को पोस्टर भी उपलब्ध कराये गये। संस्थान ने प्रथम चरण में फुरसतगंज पुलिस थाना, भारतीय स्टेट बैंक, फुरसतगंज, बहादुरपुर पुलिस चौकी, फायर स्टेशन महिला पुलिस थाना, गौरीगंज, क्षेत्राधिकारी कार्यालय, अमेठी एवं अमेठी कोतवाली के साथ क्षेत्र के पत्रकारों को हैंड सैनिटाइजर एवं मास्क उपलब्ध कराये।

शिर्डी सांई समिति द्वारा मास्क, सेनिटाइजर व किट का किया गया वितरण

जगदीशपुर, अमेठी । औद्योगिक क्षेत्र जगदीशपुर में शिर्डी साईं विंध्यवासिनी समिति द्वारा प्रति वर्ष 16 अप्रैल को साईं भजन संध्या व विशाल भंडारा का आयोजन किया जाता है वैश्विक महामारी के चलते कार्यक्रम को अगली साल के लिए स्थगित किया । वही समिति अध्यक्ष नीरज सिन्हा व मुहम्मद तौफीक द्वारा 11वे वर्षगांठ पर इस महामारी में नियम का पालन कराने में व आवश्यकता पड़ने पर हर तरह की मदद की सहयोगी पुलिस व डायल 112 की टीम को सुरक्षा किट देकर सम्मान किया कमरौली थाना प्रभारी संदीप राय व डायल 112 टीम को सिनेटाइज़ व मास्क का सुरक्षा किट दिया व अंग वस्त्र देकर उनकी टीम का हौसला

लोगों को आवश्यक सामाग्री का वितरण करते समिति के सदस्य

बढ़ाया नीरज सिन्हा का कहना है जहां लाकडाउन में सभी को सुरक्षित रखने में खुद पुलिसकर्मी अपने परिवार से दूर अपनी जिम्मेदारी निभा रहे है जिनका सम्मान समाज मे सभी को करना चाहिये कही थोड़ी बहुत सख्ती दिखाते भी है तो भी उसमे जनता का हित समाहित रहता है ।साईं मंदिर पर पूंजा अर्चना में कोरोना को खत्म करने की प्रार्थना की गई ।